प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों हेतु आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल से ऑनलाइन शुरू

पंतनगर। 28 मार्च 2024। विश्वविद्यालय में वर्ष 2024–25 के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर, एमबीए/एमबीए (एग्रीबिजनेस), एमसीए व पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल, 2024 से शुरू हो रही है। अन्य राज्यों के अभ्यर्थी पेमेंट सीट्स के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में अन्य राज्यों के अभ्यर्थी प्रवेश हेतु पेमेंट सीट्स एवं अन्य राज्य की सामान्य सीट्स के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सभी पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.gbpuat.ac.in अथवा प्रवेश पोर्टल www.gbpuat.org.in पर भी जा सकते हैं। कश्मीरी विस्थापितों के वार्ड/कश्मीर घाटी के निवासी कश्मीरी पंडित तथा जम्मू एवं कश्मीर के निवासी केवल स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते है। स्नातक, स्नातकोत्तर, एमसीए व पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन दिनांक 01.04.2024 से 30.04.2024 तक कर सकते हैं। एमबीए/एमबीए (एग्रीबिजनेस) तथा पीएच.डी. (मैनेजमैंट) पाठ्यक्रम में प्रवेश CAT/CMAT की मेरिट के आधार पर किये जायेंगे, परन्तु आवेदन पत्र ऑनलाइन दिनांक 01.04.2024 से 30.04.2024 तक भरे जायेंगे।

निदेशक संचार